





# सुप्रीम कोर्ट ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दिख रहा है।

कांग्रेस ने इस आधार पर आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आयोग के जरिए वोट चोरी कर रही है। कांग्रेस ने पूछा कई चुनाव क्षेत्रों में वोट चोरी हुई है तो क्या 2024 का जनादेश बदला जाएगा?

आज सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को मुश्किल में डाल दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने आज चुनाव आयोग से कहा कि बिहार में हटाए गए 65 लाख वोटरों की पूरी सूची, नाम हटाने के कारणों के साथ, मंगलवार तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की जाए। अदालत ने यह भी कहा कि इस सूची को सार्वजनिक किया जाए, ताकि हर वोटर इसे देख सके।

एक अहम फैसले में, अदालत ने कहा कि जिन लोगों के नाम गलत तरीके से हटाए गए हैं, वे अपने आधार कार्ड की कॉपी के साथ दावा पेश कर सकते हैं।

यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि याचिकाओं में आधार को पहचान के प्रमाण के रूप में मान्य नहीं करने का मुद्दा उठाया गया था, तथा कहा गया था कि इससे अनेकानेक वोटर प्रभावित होंगे।

बिहार में होने वाले चुनावों को से सम्बन्धित स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए, जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि चुनाव आयोग के मुताबिक, सूची से हटाये गये 65 लाख में से 22 लाख लोग मर चुके हैं। उन्होंने सवाल उठाया– "अगर 22 लाख लोग मर चुके हैं, तो यह बूथ स्तर पर क्यों नहीं बताया गया? हम नहीं चाहते कि नागरिकों के अधिकार राजनीतिक पार्टियों पर निर्भर हों।"

# रिश्वत ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जमानत याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक राज बाजवा और अधिवक्ता कपिल गुप्ता ने बताया कि याचिकाकर्ता करीब साढ़े तीन माह से न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं। प्रकरण में एसीबी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र भी पेश कर दिया है। किन्तु अभी तक मुकदमा चलाने के लिए विधानसभा स्पीकर से अभियोजन स्वीकृति नहीं मिली है। ऐसे में उन्हें अनावश्यक रुप से जेल में रखने से कोई लाभ नहीं है। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि आरोपी विधायक पर विधानसभा में पूछे गए सवाल को वापस लेने के बदले रिश्वत लेने का गंभीर आरोप है।

# किश्तवाड़...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के पहाड़ 1,818 मीटर से लेकर 3,888 मीटर तक ऊंचे हैं। इतनी ऊंचाई पर ग्लेशियर (बर्फ की चादर) और ढ लानें हैं, जो पानी के बहाव को तेज करती हैं। मचैल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह यात्रा 25 जुलाई से 5 सितंबर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पद्दर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। सेना के जम्मू स्थित पीआरओ) ो गुरुवार को बताया कि चिसोटी गांव में बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र में सेना राहत और बचाव में जुटी है।
















राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908